हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 353 देहरादून गुरूवार 19 मार्च 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## खटीमा के थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री धामी ने किया संबोधित

**-थारू संस्कृति उत्तराखंड की शान, इसे सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी: मुख्यमंत्री**

**-जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः सीएम धामी**

**-आवास, शिक्षा और रोजगार योजनाओं से जनजातीय परिवारों को मिल रहा बड़ा लाभ**

**-महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार दे रही आर्थिक और प्रशिक्षण सहायता**

**- 'जनजातीय गौरव दिवस' से बढ़ा जनजातीय समाज का सम्मान: सीएम धामी**

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में आयोजित थारू होली महामहोत्सव को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनसमुदाय को नमन करते हुए अपनी प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण प्रत्यक्ष रूप से शामिल न हो पाने पर खेद व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि थारू समाज की सांस्कृतिक परंपराएं अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली हैं। उन्होंने उल्लेख किया




कि थारू समाज के रीति-रिवाज, लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और प्रकृति के प्रति उनका गहरा जुड़ाव राज्य की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि खटीमा ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए थारू संस्कृति गर्व का विषय है। विशेष रूप से थारू समाज की होली, जो कई दिनों तक उल्लास और उत्साह के साथ मनाई जाती है, अपनी विशिष्टता के लिए जानी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य भी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका मन सदैव खटीमा की जनता के साथ जुड़ा हुआ है, भले ही वे इस बार कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित नहीं हो सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। अटल आवास योजना में आय सीमा को व्यावहारिक बनाते हुए निर्माण लागत में वृद्धि की गई है, जिससे अधिकाधिक परिवारों को लाभ मिल रहा है। उधम सिंह नगर में इस योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपये की सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत भी बड़ी संख्या में जनजातीय परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं तथा इस वर्ष प्राप्त आवेदनों में लगभग 28 प्रतिशत आवेदन जनजातीय परिवारों के हैं। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत जनपद में कई आवासों का निर्माण किया गया है।शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों एवं आईटीआई संस्थानों के विकास के लिए धनराशि प्रदान की जा रही है तथा इन विद्यालयों को कक्षा 12 तक अपग्रेड किया जा रहा है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

## गैस महंगाई व कालाबाजारी के विरोध में जन अधिकार पार्टी का प्रदर्शन

हरिद्वार(संवाददाता)। जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी के नेतृत्व में गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों, गैस की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने ऋषिकुल चौक से सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। हेमा भंडारी ने कहा कि गैस सिलेंडर के लगातार बढ़ते दामों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की रसोई पर सीधा असर डाला है। गैस की किल्लत से लोगों को घंटों लाइन में लगकर गैस लेनी पड़ रही है। कई स्थानों पर आपूर्ति भी बाधित है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजार में खुलेआम गैस की कालाबाजारी हो रही है।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई कुंभ - 2027 के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक

देहरादून(संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में कुंभ - 2027 के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उच्च स्तरीय समिति द्वारा कुंभ - 2027 से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने विभिन्न ऐसे कार्यों जिनके अभी तक जीओ जारी नहीं हुए हैं, उनके जीओ तत्काल जारी किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अस्थायी प्रकृति के छोटे कार्यों की संस्तुती के लिए पॉवर डेलीगेशन किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से कम के अस्थायी कार्यों को आयुक्त गढ़वाल की अध्यक्षता वाली समिति अनुशंसा करेगी। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि कुंभ से सम्बन्धित चंडीदेवी एवं मनसा देवी



का काम शीघ्र शुरू किया जाए। कार्यों को आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता तय करते हुए संस्तुति प्रदान की जाए।मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जाने वाले टेंट एवं बैरीकेडिंग आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने वाले कार्यों के लिए एजेंसीज एपैनल्ड करने हेतु बिडिंग प्रोसेस तत्काल शुरू कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के सचिव और विभागाध्यक्षों को अपने - अपने स्तर से शीघ्र कार्यवाही शुरू करें।मुख्य सचिव ने कुंभ कार्यों के लिए ऑडिट टीम भी शीघ्र तैनात किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सूचना, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग को अगली एचपीसी में अपनी अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मेलाधिकारी को कुंभ के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाने की बात कही।मुख्य सचिव ने कनखल में यातायात संकुलन दूर करने हेतु योजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए।

### संक्षिप्त समाचार...

**सीएम धामी ने श्री श्री रविशंकर जी से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया**

ऋषिकेश(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश में श्री श्री रविशंकर जी से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दोनों के बीच सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित श्री श्री रविशंकर जी द्वारा स्थापित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था विश्वभर में शांति, योग और मानवीय मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उनके मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, जो उत्तराखंड जैसे आध्यात्मिक प्रदेश के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। श्री श्री रविशंकर जी ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए राज्य की उन्नति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य इसे वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं और इसे और सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

**वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने बांटीं ईद किट**

देहरादून(संवाददाता)।आजाद कॉलोनी स्थित अब्दुल कलाम आजाद पब्लिक स्कूल में बुधवार को वक्फ बोर्ड की ओर से जरूरतमंदों को ईद किट वितरित की गईं। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष हाजी शादाब शम्स ने करीब 50 परिवारों को राशन व अन्य जरूरी सामग्री की किट सौंपी। इस अवसर पर शादाब शम्स ने कहा कि वक्फ बोर्ड की विभिन्न कमेटियों के माध्यम से त्योहार की खुशियां साझा करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

# सम्पादकीय

## रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है।नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया।पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है।बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे। अपनी खराब छवि के कारण ही रवि लामिछाने ने शाह को पार्टी का चेहरा बनाया। ये दांव कामयाब रहा। लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। आरएसपी की सरकार को मतदाताओं की ऊंची उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। बेरोजगारी, युवाओं के सामने अवसरहीनता, गरीबी और आम विकास की कसौटियों पर पिछड़ापन वे समस्याएं हैं, जिनका समाधान नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां नहीं ढूंढ पाईं। इसके लिए प्रयासरत होने के बजाय उनके नेता आलीशान जिंदगी जुटाने में लग गए। क्या आरएसपी उससे अलग संस्कृति और समाधान दे पाएगी, यह अब मुख्य प्रश्न है।

# जंग के बीच भारत की सफल कूटनीति से एलपीजी लेकर सुरक्षित भारत पहुंचे जहाज

सौरभ वार्ष्णेय

इसे भारत की सफल कूटनीति की जीत तो कहा ही जायेगा इसके साथ-साथ भारत ने अपनी अदम्य सहास का परिचय भी दे दिया है। यानी देशवासी अब चिंता न करें । एलपीजी की समस्या जल्द सामान्य हो जायेगी। क्योंकि जैसे युद्ध के बीच दो जहाज का भारत एलपीजी लेकर आना भारत की सफलता मानी जायेगी। भारत शुरु से ही शांतिप्रिय देश है और हमेश से शांति में ही रहने से अपील करता आया है। ऐसे में मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बाद एलपीजी गैस की सप्लाई प्रभावित हुई इसमें कहने से गुरेज नहीं करना चाहिए क्योंकि एलपीजी का अधिक समय तक स्टोरेज नहीं कर सकते? ऐसे समय में जब भारत देश में गैस एजेंसी के बाहर लम्बी लम्बी लाइनें लग रही है जो कि अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत में एलपीजी की आपूर्ति होना शुरू होने के बाद इस समस्या के अंत के अच्छे संकेत हैं। यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं अपितु यह हमारे भारत देश की सफल राजनीति, कूटनीतिज्ञ, दूरदर्शिता की महाजीत है।मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान से जुड़े युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने जिस तरह अपनी ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखते हुए एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की है, वह उसकी परिपक्व और संतुलित कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण है। वैश्विक संकट के दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता की रीढ़ होती है, और भारत ने इस चुनौती को अवसर में बदलने का काम किया है। भारत लंबे समय से ऊर्जा आयात पर निर्भर रहा है, विशेषकर पश्चिम एशिया के देशों पर। ऐसे में जब ईरान के आसपास भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा और सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका बनी, तब भारत के सामने दोहरी चुनौती थीख्रएक ओर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना और दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच संतुलन बनाए रखना। भारत की कूटनीतिक रणनीति यहां बहु-आयामी रही। एक तरफ उसने अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों को संतुलित रखा, वहीं दूसरी ओर ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार के साथ संवाद के दरवाजे खुले रखे। परिणामस्वरूप, भारत न केवल वैकल्पिक स्रोतों से रुक्कत्र की आपूर्ति सुनिश्चित करने में सफल रहा, बल्कि आवश्यक मात्रा में ईंधन की उपलब्धता भी बनाए रखी। इस पूरी प्रक्रिया में भारत ने रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को मजबूती से अपनाया। भारत ने किसी एक धड़े में पूरी तरह झुकने के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि संकट के बावजूद घरेलू बाजार में कच्चे तेल की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा और कीमतों में भी अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही।इसके अलावा, भारत ने सऊदी अरब, यूएई और अन्य ऊर्जा उत्पादक देशों के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत किया, जिससे सप्लाई के वैकल्पिक रास्ते खुले। यह कदम दर्शाता है कि भारत केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि दूरदर्शी कूटनीति पर काम कर रहा है।हालांकि, यह भी सच है कि ऐसे संकट भारत के लिए चेतावनी भी हैं। ऊर्जा के लिए बाहरी निर्भरता को कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पहले से अधिक महसूस की जा रही है।ईरान युद्ध के बीच कच्चे तेल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की संतुलित, व्यावहारिक और प्रभावी कूटनीति की बड़ी जीत है। यह संदेश भी देता है कि बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच भारत अपने हितों की रक्षा करना अच्छी तरह जानता है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार है, समाचार पत्र व पत्रिकाओं में समसमायिक विषयों पर चिंतक, राजनीतिक विचारक है।

# नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं

हरिशंकर व्यास

इस पहेली को सुलझाया जा रहा है कि एनसीईआरटी ने आठवीं क्लास के बच्चों को न्यायपालिका मे भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाने का फैसला किया तो शासन के बाकी अंगों या लोकतंत्र के बाकी स्तंभों के बारे में क्यों नहीं कुछ सोचा? क्या एनसीईआरटी की किताब तैयार करने वाली कमेटी की नजरों में लोकतंत्र के बाकी तीन स्तंभ पाक साफ हैं? उनके यहां भ्रष्टाचार नहीं है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि पर्ची निकाल कर तय किया गया कि पहले न्यायपालिका का भ्रष्टाचार पढ़ाया जाएगा और उसके बाद बाकी स्तंभों के भ्रष्टाचार के बारे में बताया जाएगा? क्योंकि दुनिया भर में प्रेस फ्रीडम को लेकर काम करने वाली ज्यादातर संस्थाओं ने भारत में मीडिया कि रेटिंग काफी नीचे रखी है। भारत में मीडिया की विश्सनीयता भी बाकी संस्थाओं से कम है। सत्ता पक्ष के नेताओं ने सरकार पर सवाल उठाने वालों को टुकड़े टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल का टैग दे दिया तो दूसरी ओर विपक्ष ने सरकार का समर्थन करने वालों को गोदी मीडिया या भक्त मीडिया का टैग दे दिया। इसका मतलब है कि किसी की नजर में मीडिया विश्वसनीय नहीं है। लेकिन एनसीईआरटी ने मीडिया में भ्रष्टाचार या कंप्रोमाइज को लेकर पाठ नहीं तैयार किया।इसी तरह जिस दिन श्न्यायपालिका में भ्रष्टाचाद्य शीर्षक अध्याय को लेकर विवाद शुरू हुआ उसी दिन अखबारों के पहले पन्ने पर ओडिशा के माइंस डिपार्टमेंट के एक डिप्टी डायरेक्टर के यहां विजिलेंस विभाग की कार्रवाई की खबर थी। खबर के साथ तस्वीरें भी थीं, जिसमें चारों तरफ नोट ही नोट दिखाई दे रहे थे। डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी के यहां छापे में चार करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। इसके अलावा जमीन और फ्लैट के कागजात और जेवर आदि अलग से बरामद हुए। ऐसा नहीं है कि यह कोई अपवाद वाली खबर थी। यह सबसे रूटीन की खबर है। किसी क्लर्क के यहां या किसी चपरासी के यहां छापे में लाखों, करोडों रुपए की जब्ती बहुत आम बात है। बड़े नौकरशाह तो अरबों के आसामी होते हैं। फिर भी नौकरशाही में भ्रष्टाचार का अध्याय नहीं जोड़ा गया। क्या एनसीईआरटी की नजर में अधिकारी भी पवित्र गाय हैं?प्रेस और कार्यपालिका के अलावा लोकतंत्र का सबसे प्रमुख स्तंभ विधायिका है। देश में आठ सौ से कुछ कम सांसद और चार हजार से कुछ ज्यादा विधायक हैं। पिछले दिनों कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए। देश की हर पार्टी के कुछ न कुछ नेता किसी न किसी मामले में आरोपी हैं। जो जितना बड़ा नेता है उसके ऊपर उतने ज्यादा रुपए के घोटाले के आरोप हैं। अगर किसी किताब में विधायिका यानी विधायकों और सांसदों के भ्रष्टाचार का चौप्टर शामिल किया जाए तो देश के लोग आंख मूंद कर उस पर भरोसा करेंगे। लेकिन एनसीईआरटी ने विधायकों, सांसदों यानी विधायिका में भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बच्चों के स्कूल में अध्याय नहीं प्रकाशित कराया।तभी बड़ी हैरानी की बात है कि सिर्फ न्यायपालिका को क्यों चुना गया? अगर लॉटरी या पर्ची निकाल कर यह फैसला नहीं हुआ कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार शीर्षक से किताब में अध्याय शामिल करना है और यह काम केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय, एनसीईआरटी और उसकी बनाई कमेटी ने नहीं किया तो निश्चित रूप से इसके पीछे किसी विदेशी साजिश के पहलू से सरकार को जांच करानी चाहिए। सरकार को कोई टूलकिट तलाशना चाहिए। विपक्षी पार्टी पर आरोप लग सकते हों तो उसको ही जिम्मेदार ठहराना चाहिए। ऐसा कहने का कारण यह है कि प्रधानमंत्री से लेकर शिक्षा मंत्री और एनसीईआरटी के निदेशक तक सब यही कह रहे हैं कि पता लगाओ किसने ऐसा किया!

संक्षिप्त समाचार...

## 150 सफाई कर्मियों को बांटी सुरक्षा किट

ऋषिकेश(संवाददाता)। नगर पालिका परिषद डोईवाला में प्रोजेक्ट सर्कुलर भारतश के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता कार्य के दौरान संक्रमण से बचने के उपाए बताए गए। 150 सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण बांटे गए। बुधवार को नगर पालिका परिषद डोईवाला के सभागार में जागरूकता एवं पीपीई किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी और अधि शासी अधिकारी एमएल शाह ने 150 सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरण जैसे ग्लव्स और मास्क, बूट्स, रिफ्लेक्टर जैकेट आदि वितरित किए। नरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि सफाई कर्मी समाज की रीढ़ हैं। शहर को स्वच्छ रखने वाले इन श्स्वच्छता दूतोंश के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना प्रशासन और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ईओ एमएल शाह ने सफाई कर्मियों को पीपीई किट के नियमित उपयोग और इसके फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि सफाई के दौरान संक्रमण के खतरों और सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा किट का उपयोग अनिवार्य है। मौके पर पालिका के सीएसआई सचिन रावत, सिद्धार्थ सिंह सजवाण, वैभव, अर्चित, दीपिका, तानिया, विकास, दीपक आदि उपस्थित रहे।

### चौत्र अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डूबकी

ऋषिकेश(संवाददाता)। तीर्थनगरी ऋषिकेश में चौत्र मास की अमावस्या पर गंगा के विभिन्न घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। भक्तों ने गंगा स्नान, दान-पुण्य और पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण व पिण्डदान किया। जिससे पूरा वातावरण हर-हर गंगे के जयकारों से गुंजायमान हो गया। बुधवार को ऋषिकेश में चौत्र मास की अमावस्या को लेकर लोगों में श्रद्धा देखने को मिली। अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर पहुंचकर आस्था की डूबकी लगाई। ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट, दत्तात्रेय घाट, रामानंद घाट, बहत्तर सीढ़ी घाट, साईं घाट, आवास विकास गंगा घाट, मुनिकीरेती स्थित दयानंद घाट, शत्रुघ्न घाट, स्वर्गाश्रम स्थित सीता घाट, परमार्थ निकेतन गंगा घाट आदि जगहों पर बुधवार सुबह से ही श्रद्धालु उमड़े। दिन भर घाटों पर श्रद्धालुओं की आमद बनी रही। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दान-पुण्य किया और पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण व पिण्डदान भी करते दिखे। इस दौरान घाटों पर जल पुलिस और सामान्य पुलिस बल भी सुरक्षा की दृष्टि से तैनात दिखा।

## 23 मार्च से चारधाम यात्रा के लिए बनेंगे ग्रीन कार्ड

ऋषिकेश(संवाददाता)। चारधाम यात्रा-2026 के लिए यात्री वाहन 23 मार्च से उपसंभागीय परिवहन कार्यालय ऋषिकेश ग्रीन कार्ड बनवा सकेंगे। विभागीय अधिकारियों ने आवश्यक सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है। एआरटी प्रशासन ऋषिकेश रावत सिंह ने बताया कि 23 मार्च को प्रातः 11 बजे कार्यालय में पूजा-अर्चना, यज्ञ-हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ग्रीन कार्ड बनाने का कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने चारधाम यात्रा-2026 के सुगम, सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन के दृष्टिगत समस्त व्यावसायिक सवारी वाहनों के संचालकों और चालकों से अपील की है कि वे 23 मार्च से अपने वाहनों का ससमय परीक्षण कराकर, आवश्यक वैध दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होकर ग्रीनकार्ड प्राप्त करें। बिना ग्रीनकार्ड के किसी भी सवारी वाहन को यात्रा मार्ग पर संचालित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बता दें कि इस बार 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे, जबकि 22 अप्रैल को केदारनाथ और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने हैं।

### एजेंसियों में बुधवार को भी नहीं पहुंचा कॉमर्शियल सिलेंडर स्टॉक

ऋषिकेश(संवाददाता)। शहर और आसपास की गैस एजेंसियों पर बुध वार को भी कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टॉक नहीं पहुंचा, जिससे खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरेलू गैस की बुकिंग के बाद भी चार-चार दिन तक सिलेंडर नहीं पहुंने से भी स्थानीय लोगों मुश्किलें बढ़ी रहीं। बुधवार को कॉर्मिशयल गैस सिलेंडर के लिए सुबह से ही एजेंसियों पर खाद्य प्रतिष्ठान संचालक जुटने शुरू हो गए थे, मगर उन्हें एजेंसी प्रबंधकों ने फिलहाल स्टॉक नहीं पहुंचने की जानकारी दी, जिससे संचालकों के चेहरों पर मायूसी दिखी। हरिद्वार रोड के होटल संचालक रमेश नेगी ने बताया कि अभी तक किसी तरह से काम चल रहा था, मगर अब सिलेंडर खत्म हो चुका है। भोजन आदि बनाने के लिए गैस नहीं है। स्टोव और लकड़ी के माध्यम से भी काम चलाना मजबूरी है। शिवाजीनगर निवासी अनिरुद्ध रतूड़ी ने बताया कि घरेलू गैस के लिए बुकिंग की थी, मगर चार दिन बाद भी सिलेंडर घर तक नहीं पहुंचा है। रायवाला में गैस संचालक प्रबंधक संदीप नेगी ने बताया कि कॉर्मिशियल सिलेंडर के लिए कंपनी को डिमांड भेजी है, लेकिन अभी तक आपूर्ति नहीं हो पाई है। स्थिति यह है कि जो घरेलू कनेक्शन धारक साल में दो सिलेंडर लेता था, वह भी नियमित रूप से सिलेंडर के लिए बुकिंग कर रहा है। बताया कि घरेलू गैस लगातार आ रही है।

# चिन्हीकरण, आश्रितों के लिए नियमावली बनाने की मांग के लिए सचिवालय कूच

देहरादून(संवाददाता)। चिन्हीकरण और क्षैतिज आरक्षण में आश्रितों के लिए नियमावली बनाने की मांग को लेकर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने बुधवार को सचिवालय कूच किया। पुलिस ने पुलिस मुख्यालय से पहले ही आंदोलनकारियों को बैरीकैडिंग पर रोक दिया। मंच ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। राज्य आंदोलनकारी मंच के आंदोलनकारी पूर्व घोषित ऐलान के तहत बुधवार को गांधी पार्क के बाहर एकत्र हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए सचिवालय कूच के लिए बढ़े। आंदोलनकारियों का कहना था कि राज्य सरकार ने आंदोलनकारियों के लिए दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया, जिसके फलस्वरुप काफी राज्य आंदोलनकारी अनेक सेवाओं के लिए परीक्षा पास कर चुने गए। हाल ही में यूकेएसएसएसी आयोग ने समूह ग और पुलिस की भर्ती के लिए चयनित राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों के परीक्षा फल घोषित नहीं किए। आयोग का ये कहना है कि उनका आश्रित का प्रमाण पत्र विज्ञप्ति के बाद का है। आंदोलनकारियों का तर्क था कि शासन ने प्रमाण पत्र जारी करने के दिशा निर्देश 24 नवंबर 2024 को दिए तो प्रमाण पत्र भी उसके बाद ही बनेंगे। आयोग के इस निर्णय पर हठधर्मिता नजर आती है। राज्य आंदोलनकारियों की चिन्हीकरण प्रक्रिया में देरी होने एवं क्षैतिज आरक्षण के जीओ का पालन न होने समेत अन्य बिन्दुओं को लेकर आंदोलनकारियों ने आक्रोश जताया। प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी, अरुणा थपलियाल ने कहा कि मुख्यमन्त्री की घोषणा के बाद भी शासनादेशों का पालन नहीं हो रहा हैं और ना ही चयनित राज्य आंदोलनकारी आश्रितों को क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिल पा रहा हैं। शासनादेश का 05-माह बाद भी पालन नहीं किया जा रहा हैं, जिससे प्रदेश के शहीद परिजनों के साथ ही तमाम राज्य आंदोलनकारियों मंे रोष व्याप्त हैं। प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती एवं महासचिव रामलाल खंडूड़ी, युद्धवीर चौहान ने कहा कि इतने लम्बे अरसे के बाद सरकार की लेटलतीफी से प्रत्येक कार्य में अवरोध पैदा हो रहा है। सरकार के पास अपने एजेंडे के लिए काम करने का तो समय है लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं की ओर उनका ध्यान नहीं है। रामेश्वरी देवी, रुकम पोखरियाल ने कहा कि जहां भी राज्य आंदोलनकारियों की सरकारी सेवा लगी थी वह आयु सीमा की वजह से बेहद कम अवधि के लिए थी। ऐसे में आश्रितों को भी लाभ की श्रेणी में लेने की मांग की गई थी। लिहाजा सरकार को आश्रितों के लिए भी नियमावली बनानी चाहिए। मौके पर मोहन खत्री, पूरण सिंह लिंगवाल, केशव उनियाल, मनोज नौटियाल, बीडी बौंठियाल, हरि सिंह मेहर, अनुज नौटियाल, विरेन्द्र सिंह रावत, दीपक बिष्ट, राकेश कांडपाल, संजय बलूनी, सुलोचना भट्ट, गणेश डंगवाल, राम लाल खंडूड़ी, सुलोचना मैंदोला, रेवती बिष्ट, कल्पेश्वरी नेगी, राजेश पांथरी, आशा डंगवाल, मोनिका लखेड़ा, क्रांति अभिषेक मौजूद रहे।

## रोमांचक मुकाबले में ओम वर्मा ने शीर्ष वरीय खिलाड़ी को हराया

देहरादून(संवाददाता)।डालनवाला स्थित शांति टेनिस अकादमी में चल रहे इंडियन ट्री जूनियर्स आईटीएफ(जे-60) टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दिन बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई बड़े उलटफेर किए। भारत के ओम वर्मा ने हांगकांग के शीर्ष वरीय खिलाड़ी को रोमांचक मुकाबले में हराया। बालक वर्ग के सिंगल्स मुकाबले में हांगकांग के शीर्ष वरीय खिलाड़ी एलेक्स लैप हंक हुइ को भारत के ओम वर्मा ने कड़े संघर्ष में 6-4, 2-6, 6-3 से पराजित कर सभी को चौंका दिया। एक अन्य सिंगल्स मैच में यासीन दहिया ने इंडोनेशिया के एरिक मैथ्यू गुनावन को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। डबल्स मुकाबलों में वीर मादाम और पंसुल ओबेवेजा की भारतीय जोड़ी ने आरूष सिंगल्स और प्रभावित सिंह को 6-0, 6-0 से हराकर दबदबा दिखाया। वहीं कोर्ट नंबर-03 पर अमृत धनकर और तेजस रवि ने कुशाग्र अरोरा व अद्वैत तिवारी को 6-4, 6-4 से मात दी। बालिका वर्ग में समायरा कोहली और स्वास्ति सिंह के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें समायरा ने 7-5, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की। वहीं दिया चौधरी ने हरिथा श्री वेंकटेश को 6-2, 6-0 से आसानी से पराजित किया। इससे पूर्व खेले गए डबल्स मुकाबलों में एलेक्स लैप हंक हुइ और आदित्य मौर की जोड़ी ने सिवतेज सिरफुले व रणवीर सिंह को 7-6, 2-6, 15-13 से हराया।

### तनाव रहित स्वस्थ्य जीवन शैली योग, प्राणायाम का आधारः प्रतीक जैन

ऋषिकेश(संवाददाता)। जीएमवीएन के गंगा रिजॉर्ट में अंतराष्ट्रीय योग महोत्सव 2026 के तीसरे दिन बुधवार को साधकों ने योग, ध्यान साधना के साथ प्राणायाम की क्रियाओं का अभ्यास किया। योगाचार्यों ने साध कों को विभिन्न योग क्रियाओं के महत्व की जानकारियां भी दीं। योग महोत्सव के तीसरे दिन प्रातःकाल के सत्र में योगगुरु डॉ. विपिन जोशी ने मेडिशियेशन, आर्ट ऑफ लिविंग को सरलता से बताया। उसके बाद के सत्र में योग गुरु उषा माता ने अयंगर योग के गुर योग साधकों को सिखाए। योगाचार्य कपिल सांघवी ने प्राणायाम की मानसिक अवसाद से मुक्ति और जीवन बेहत्तर बनाने की सरल विधि बताकर उसके बारे में जानकारी दी।

# प्रदेश में शहीद द्वार व स्मारकों के लिए बजट जारी

- देहरादून(संवाददाता)। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में सैनिक विश्राम गृहों के जीर्णोद्धार शहीद द्वारों के निर्माण में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के विभिन्न जनपदों में 06 भव्य शहीद द्वार और स्मारकों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने विभाग के अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने और प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं तेजी से करने के निर्देश दिए। मंत्री जोशी ने शहीद द्वार/स्मारकों के चयनित स्थलों पर अत्याधुनिक डिजाइन और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के साथ ही निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इस निर्णय के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन स्मारकों का निर्माण चयनित स्थलों पर अत्याधुनिक डिजाइन, स्थानीय स्थापत्य कला एवं भारतीय सैन्य परंपराओं के समन्वय के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शहीद द्वार न केवल श्रद्धांजलि का केंद्र होगा, बल्कि यह राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की अमर गाथाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। मंत्री जोशी ने कहा कि यह पहल राज्य सरकार की सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के प्रति अटूट सम्मान एवं प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ सिद्ध होगी और राष्ट्रसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगी।



# छत तोड़कर कमरे में गिरा बोल्डर, बाल-बाल बचा परिवार, दुकान भी टूटी

चमोली(संवाददाता)। हेमकुंड साहिब व फूलों की घाटी के प्रमुख पड़ाव पुलना गांव में मंगलवार देर रात पहाड़ी से बोल्डर छिटककर एक घर की छत को तोड़कर कमरे में आ गिरा। कमरे में परिवार के सदस्य सो रहे थे। गनीमत रही कि बोल्डर कमरे में बिस्तर के पास गिरा जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। बोल्डर गिरने से दूसरे घर की दुकान भी टूट गई और बोल्डर छत पर जा गिरा। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। गोविंदघाट से करीब तीन किमी की दूरी पर स्थित पुलना गांव में मंगलवार रात करीब एक से डेढ़ बजे पहाड़ी से बोल्डर छिटक गए। बोल्डरों ने प्रकाश नेगी और मकर सिंह के मकान को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक बोल्डर प्रकाश नेगी के घर की छत पर गिरा जबकि दूसरा बोल्डर छत को तोड़ते हुए उनके कमरे में बिस्तर के पास आ गिरा। प्रकाश नेगी, उनकी पत्नी व दो बच्चे इसी कमरे में सो रहे थे। हादसे के तुरंत बाद परिवार के लोग भागकर सुरक्षित जगह पर पहुंचे। हादसे से परिवार के लोग सहमे हैं। बोल्डर से छत पर रखी पानी की टंकी भी टूट गई। प्रकाश नेगी ने बताया कि दूसरा बोल्डर मकर सिंह की दुकान को तोड़ते हुए उनकी छत तक पहुंच गया। गनीमत रही कि बोल्डर से किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई है। घटना की सूचना पर सुबह तहसील प्रशासन की टीम गांव में पहुंची और नुकसान का जायजा लिया।आपदा नहीं छोड़ रही पीछा, 2013 में भी टूटा था घर: आपदा प्रकाश नेगी का पीछा नहीं छोड़ रही है। 2013 की आपदा में प्रकाश नेगी का मकान बह गया था। उस समय भी उनका परिवार बेघर हो गया था। प्रकाश नेगी ने गांव के पास अपने खेत में मकान बनाने की योजना बनाई, प्रशासन के सहयोग से यहां पर मकान बना लिया। उनके घर के पीछे खड़ी चट्टान है। मंगलवार रात को फिर एक पत्थर आने से वे बेघर हो गए हैं। पंचायत भवन में शिफ्ट हुआ परिवार: - महिला मंगल दल अध्यक्ष हेमंती देवी ने बताया कि प्रकाश नेगी का घर रहने लायक नहीं बचा है। परिवार को पंचायत भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। महिला मंगल दल ने सामान शिफ्ट करने में उनकी मदद की। वहीं मकर सिंह के परिजन खाना अपने घर में बनाएंगे लेकिन रात सोने के लिए गांव में ही अपने भाई के घर पर आ जाएंगे। कोट: घटना की सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने नुकसान का आकलन किया है। प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। - चंद्रशेखर वशिष्ट, एसडीएम ज्योतिर्मठ।

## डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली से मरीजों को मिलेंगी पारदर्शी सुविधाएं

श्रीनगर गढ़वाल(संवाददाता)। मेडिकल कॉलेज श्रीनगर श्रीकोट बेस चिकित्सालय में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण को गति देना है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने प्रतिभागियों को आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट), एचपीआर (हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन), एचएफआर (हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन) तथा एचएमआईएस (हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

## हर्षिल-झाला में अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने का विरोध

उत्तरकाशी(संवाददाता)। गंगोत्री धाम के समीप हर्षिल झाला में आबकारी विभाग की ओर से प्रस्तावित अंग्रेजी शराब की दुकान का स्थानीय लोगों सहित गंगोत्री मंदिर समिति और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि एक ओर अब चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है दूसरी ओर धाम से महज 20 किलोमीटर की दूरी पर शराब की दुकान खोलकर धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि अगर दुकान खोली गई तो उसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। आबकारी विभाग की ओर से एक बार फिर हर्षिल-झाला में शराब की दुकान खोलने को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस व गंगोत्री मंदिर समिति सहित हर्षिल घाटी के जनप्रतिनिधियों ने इस संबंध में जिलाधिकारी और आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि पूर्व में भी हर्षिल में अंग्रेजी शराब दुकान खोलने को लेकर निविदाएं आमंत्रित की गई थी। उस समय भी क्षेत्र के लोगों के विरोध के चलते आबकारी विभाग को वहां पर निविदाएं निरस्त करनी पड़ी थी लेकिन अब दोबारा आबकारी विभाग की ओर से इसकी कार्रवाई शुरू कर दूरस्थ क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि हर्षिल और झाला गंगोत्री धाम से महज 20 से 25 किमी की दूरी पर स्थित है। आगामी चारधाम यात्रा में वहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगोत्री धाम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसलिए धाम के समीप शराब की दुकान खोलने से वहां के सामाजिक और धार्मिक माहौल पर असर पड़ेगा। अगर इन आदेशों को तत्काल निरस्त नहीं किया जाता है तो इसके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## कटान के बाद थमी पाली-बैंड मोटर मार्ग की रफ्तार, ग्रामीण बेहाल

कोटद्वार(संवाददाता)। प्रखंड के ग्राम पाली को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला पाली-बैंड मोटर मार्ग दो दशक बाद भी अधूरा पड़ा है। वर्ष 2003 में लोक निर्माण विभाग ने मार्ग पर करीब 1.6 किलोमीटर तक कटान कार्य किया था। इसके बाद से निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका। हालांकि वर्ष 2016 में शासन से सड़क के विस्तार को मंजूरी मिली लेकिन आज तक डामरीकरण नहीं हो पाया है। पाली बैंड से करीब 7.10 किलोमीटर तक मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। तकनीकी स्वीकृति मिलने के बावजूद कार्य अधूरा पड़ा है। बरसात के दौरान सड़क की स्थिति और खराब होने से आवागमन जोखिमभरा हो जाता है। ग्रामीणों ने लोनिवि को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के अभाव में क्षेत्र से लगातार पलायन बढ़ रहा है। ग्राम प्रधान प्रीति नेगी सहित दिनकर बर्थवाल आदि ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि सड़क केवल सुविधा नहीं, बल्कि गांव के विकास और भविष्य से जुड़ा अहम मुद्दा है। पूर्व में स्वीकृत मार्ग का निर्माण करा दिया गया था। उसके बाद कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रस्ताव मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। -निर्भय सिंह, ईई, लोनिवि दुगड्डा

## कॉलेज का रजत जयंती वार्षिकोत्सव में 25 मेधावी सम्मानित

उत्तरकाशी(संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में रजत जयंती वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, महाविद्यालय ने मुख्य अतिथियों से 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय में आयोजित रजत जयंती वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. प्रभात द्विवेदी और विशिष्ट अतिथि देहरादून छावनी क्षेत्र की विधायक सविता कपूर ने किया। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय की रजत जयंती केवल एक उत्सव नहीं बल्कि संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, छात्राओं की सफलता और शिक्षकों के समर्पण का प्रतीक है।

## शिक्षकों ने लंबित देयक के भुगतान की मांग उठाई

नई टिहरी(संवाददाता)। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ टिहरी शाखा पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लंबित देयक का शीघ्र भुगतान करने के साथ चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान हेतु समिति का गठन करने की गुहार लगाई। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शेर सिंह पंवार और महामंत्री उम्मेद नेगी की ओर से डीईओ बेसिक को सौंपे ज्ञापन ने कहा गया कि शिक्षक लंबे समय से वेतन विसंगति सहित कई अन्य मांगों के निराकरण की मांग करते आ रहे हैं लेकिन मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पा रही है। कहा कि जिले में करीब 17140 शिक्षकों का सातवें वेतनमान का एरियर का भुगतान लंबित है। उन्होंने उच्चीकृत विद्यालयों में पठन-पाठन हेतु शिक्षण व्यवस्था सुधारने, विशिष्ट अवकाश ईएल की भांति प्रदत किए जाने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान समय पर करने की मांग भी की। उन्होंने भिलंगना ब्लॉक के विद्यालयों में खाली पड़े पदों पर शिक्षकों की तैनाती करने, जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत व नव निर्माण किए जाने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि जौनपुर ब्लॉक के शिक्षकों के प्रकरण लंबे समय से लंबित पड़े हैं जिनका समाधान नहीं हो पाया है। छात्र-छात्राओं की कमी के कारण बंद होने वाले जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों का उच्चीकृत विद्यालयों में समायोजन सहित 18 सूत्री मांगों को निराकरण की मांग उठाई है। कहा कि शिक्षक संगठन की मांगों पर ध्यान न दिए जाने से शिक्षकों में आक्रोश बना है। इस मौके पर मनोहर चमोली, सुधा उनियाल आदि मौजूद थे।

## उत्तराखंड के मेधावियों ने शास्त्रीय स्पर्धा में जीते 13 पुरस्कार

श्रीनगर गढ़वाल(संवाददाता)। तमिलनाडु के कांचीपुरम में आयोजित 63वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा में उत्तराखंड के छात्रों ने अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए कुल 13 पुरस्कार जीते। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से 11 से 13 मार्च तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देवप्रयाग स्थित श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में मयंक तिवारी ने साहित्यशलाका में तृतीय पुरस्कार के साथ 15 हजार रुपये नकद राशि प्राप्त की। वहीं सांख्ययोगभाषण में शुभांगिनी आर्या और अक्षरश्लोक में ऋतेश पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पांच-पांच हजार रुपये का पुरस्कार जीता। कंठपाठ प्रतियोगिताओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को प्रथम पुरस्कार दिया गया। कंठपाठ के अलग-अलग विषयों में सक्षम आर्य ने अमरकोश, आरव आर्य ने अष्टाध्यायी, वरेण्या त्यागी ने उपनिषद और निशा नेगी ने काव्यकंठपाठ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके साथ ही खुशी पूर्वे ने दर्शन, श्रेया आर्या ने धातुरूप, जाह्नवी ने रामायण और सुयश मिश्र ने सुभाषितकंठपाठ में प्रथम पुरस्कार हासिल किया। इन सभी प्रथम स्थान प्राप्त विजेताओं को 12-12 हजार रुपये की नकद धनराशि प्रदान की गई।

## युवक ने काटी हाथ की नस, अस्पताल पहुंचाया

श्रीनगर गढ़वाल(संवाददाता)। पुराना पुल क्षेत्र में एक युवक ने अपने हाथ की कलाई की नस काट दी। किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बिना एंबुलेंस का इंतजार किए घायल युवक को तत्काल थाने की गाड़ी से बेस अस्पताल श्रीकोट पहुंचाया। एसएसआई कुंवर राम आर्य ने बताया कि अस्पताल पहुंचाने के बाद युवक का डॉक्टरों ने उपचार किया। फिलहाल युवक खतरे से बाहर है। युवक रानीहाट (कीर्तिनगर) निवासी है। नस काटे जाने के कारणों का पता किया जा रहा है।

## जनांदोलन क्रमिक अनशन में बदला, उक्रांद ने दिया समर्थन

श्रीनगर गढ़वाल(संवाददाता)। तीर्थनगरी में शराब के ठेके के खिलाफ चल रहा जनांदोलन बुधवार को चौथे दिन क्रमिक अनशन में तब्दील हो गया। आंदोलनकारी महिलाओं ने सरकार की आबकारी नीति के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए स्पष्ट किया कि जब तक ठेका निरस्त नहीं होता उनका संघर्ष जारी रहेगा। क्रमिक अनशन के पहले दिन क्षेत्र की नौ महिलाएं शामिल रहीं जिनमें कमला देवी, कोसला देवी, जसोदा देवी, गोदावरी देवी, पूनम देवी, डब्बी देवी और मीना देवी आदि शामिल रहीं। आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे उत्तराखंड क्रांति दल के पौड़ी जिला अध्यक्ष अर्जुन नेगी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस देवभूमि की पहचान उसकी पवित्रता और संस्कृति है सरकार वहां शराब की संस्कृति को थोपकर उसे नष्ट करने पर तुली है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के बजाय केवल राजस्व के लालच में पहाड़ के शांत परिवेश को दूषित कर रही है। अनशन पर बैठी सुनीता देवी ने कहा कि शराब की दुकान खोलना पहाड़ की अस्मिता पर काला धब्बा है। वहीं जिला पंचायत सदस्य पुष्पा रावत ने कहा कि विडंबना है कि सरकार अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती करने के बजाय गांव-गांव में शराब की दुकानें खोलने को प्राथमिकता दे रही है। धरना स्थल पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सीताराम राणाकोटी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद नारायण भट्ट, नेत्र सिंह, जनार्द्धन राणाकोटी, ममता देवी, सीमादेवी, मंजूदेवी, अंजू देवी, उप्पा देवी, जसोदा देवी, सुरेशी देवी आदि मौजूद रहे।

# जामा मस्जिद मे कुरान शरीफ के मुकम्मल होने पर खत्म शरीफ का प्रोग्राम मुनाकिद किया गया

रामनगर (संवाददाता)। शहर की जामा मस्जिद मे खतम कुरान शरीफ के प्रोग्राम समपन्न हुआ। प्रोग्राम मे क्षेत्र भर के उलेमाओ ने कुरान व हदीस को लेकर अपने-2 विचार व्यक्त किये व नाद शरीफ का नजराना पेश किया। इस मौके पर शहर पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने कुरान शरीफ की तारीफे बयान करते हुये कुरान शरीफ को इंसानो को अधेंरो से निकालकर उजालो की ओर ले जाने व इसानो को सिस्टमेटिक तरीके से जिंदगी जीने का जरिया बताते हुये कौमे मुस्लिम से अपने बच्चो को दुनियावी तालीम के साथ-2 दीनी तालिम भी दिलाये जाने की बात कही। इस मौके पर तमाम इमामो ने कुरजामा मस्जिद के नायाब पेश इमाम ने कहा कि उन्होंने कुरान की तिलावत हुजूर के बताये हुये रास्तो पर चलने की बात कही। इस मौके पर जामा मस्जिद के प्रशासक शकील खान व अवाम की ओर पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी व जामा मस्जिद के नायाब इमाम हाफिज मुजफ्फर, एतकाफ मे बेठे फरहान खान व सोनू सैफी को नजराना पेश किया किया गया। प्रोग्राम का संचालन मुफ्ती सलीम सैफी के द्वारा किया गया। इस मौके पर कारी फरमान बरकाती, मौलाना आरिफ, मौलाना अमजद, कारी फुरकान, कारी अफजाल मोइन, कारी जुनैद, कारी फारुख, हाफिज उबेद, हाफिज नोशाद, मौलाना नाजिम, मुफ्ती आजम, मौलाना फुरकान, हाफिज इम्तियाज, हाफिज मुम्ताज, हाफिज उजैर, जामा मस्जिद प्रशासक शकील खान, अजीजुरहमान आढ़ती, डॉ जफर सैफी, आरिश सिद्दीकी, मौ. नाजिम, डॉ. कयामुद्दीन, डॉ. मेहंदी, डॉ. अशफाक, सगीर अशरफ, सनव्वर कुरैशी, हाजी शकील अंसारी, हाजी इदरीश अंसारी, दानिश सैफी, युसुफ कस्सार, आफताब हुसैन, नावेद सैफी, फरहान सैफी, मौ. आमिर, अमान सैफी, तहसीन रजा, बिलाल, अजीम फरीदी, नफीस अंसारी, अवाम मुस्तफा, इस्तेखान हुसैन, महबूब खॉं, वाकर रजा, साकिब उजाला, हाजी जुल्फिकार कुरैशी, सूफी नईम सैफी, एजाज हुसैन, मुस्तफा रंगरेज, शहजाद हुसैन सहित बड़ी तादाद में नमाजी व शहर के उलेमा हजरात मौजूद रहे।



# खाद्य व्यापारियों और व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की गइ

रामनगर (संवाददाता)। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत एवं आयुक्त फूड सेफ्टी सचिन कुर्वे उत्तराखंड और जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर आगामी चौत्र नवरात्रि पर्व को लेकर आमजन को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य व्यापारियों और व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में खाद्य व्यापारियों को नवरात्रि के दौरान उपयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ विशेष रूप से यथा कुट्टू आटा, सिंघाड़े का आटा,मखाना, साबूदाना मूंगफली दाना मिष्ठान, दूध एवं दुग्ध उत्पाद आदि अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।सभी खाद्य प्रतिष्ठानों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।.खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो,.सभी पैक्ड खाद्य पदार्थों पर निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि एवं बैच नंबर स्पष्ट अंकित होना चाहिए।प्रतिष्ठानों में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए।बिल/कैश मेमो अनिवार्य रूप से ले और ग्राहकों को भी दें।दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस प्रमाण पत्र प्रदर्शित किया जाए।खराब और कालातीत खाद्य सामग्री का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। सहायक आयुक्त ए एस रावत के दिशा निर्देशन में रामनगर में आयोजित बैठक में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान एवं व्यापार मंडल प्रतिनिधि मनमोहन अग्रवाल ,विकास अग्रवाल, सिद्दार्थ अग्रवाल आदि मौजूद रहें। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि नवरात्रि के दौरान विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विशेषकर कुट्टू आटा, सिंघाड़े का आटा,मखाना, साबूदाना मूंगफली दाना आदि संदिग्ध खाद्य पदार्थों की जनहित में फूड सैम्पलिंग की जाएगी और विभिन्न खाद्य प्र तिष्ठानों का निरीक्षण किया जाएगा।किसी भी प्रकार की अनियमितता और शिकायत या नमूना फेल होने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# घंटों लाइनों में खड़े होने के बाद भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रह

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर के ग्राम टांडा,पीरूमदारा समेत कई गांव में घंटों लाइनों में खड़े होने के बाद भी लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इससे गुस्साए लोगों ने गैस एजेंसी प्रबंधक का घेराव किया और हंगामा कर कालाबाजी की शिकायत पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। बुधवार को कई गांव की महिलाएं ब्लॉक प्रमुख मंजू नगी के नेतृत्व में इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक दीपक कुमार आर्य का घेराव किया। मंजू नेगी ने कहा कि लोग सुबह से ही टांडा ,पीरूमदारा समेत कई जगहों पर लाइनों में लग रहे हैं। बावजूद इसके लोगों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोग बुकिंग का भी लगातार प्रयास करते हैं, लेकिन व्यवस्थाएं ऐसी बनाई गई है कि कई लोगों की गैस बुकिंग तक नहीं पा रही है। उन्होंने गांवों में गैस सिलेंडर की आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। कहा गया यदि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबधित लोगों के खिलाफ कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराएगी। एक रोस्टर तय करके सभी जगह समय पर गैस उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं गैस प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि हमारी गैस सिलेंडर के वाहन हर मोहल्ले और ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर जाकर गैस सिलेंडर बांटकर आ रहे हैं।



# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने नैनीताल जिला कार्यकारिणी घोषित की

रामनगर (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गोड़ के निर्देश पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने अपनी जिला कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने जिला उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद जिकरान, गजाला,सतवंत सिंह और सलमान जाफरी को बनाया गया है।जिला महामंत्री पद पर दानिश सिद्दीकी और अशफाक हुसैन को बनाया गया है।जिला मंत्री पद पर मोहम्मद इमरान,परमजीत सिंह,अली खान और रिहान खान को बनाया गया है। जियाउद्दीन को कोषाध्यक्ष, नमन जैन को जिला कार्यालय मंत्री, शाकिर हुसैन को जिला मीडिया संयोजक,असलम अंसारी को जिला मीडिया सह संयोजक,सरफराज हुसैन को जिला सोशल मीडिया संयोजक,लाल मोहम्मद को जिला सोशल मीडिया सह संयोजक और फईम रिजवी को जिला आईटी संयोजक बनाया गया है। वहीं सैयद महमूद अली,बलवीर सिंह,अमित मसीह,जाकिर अली,मोहम्मद अली,मोहम्मद हाजी तकी,मोहम्मद सुएब,मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद शादाब,मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद इशरत अली,मोहम्मद साबिर अली,तस्लीम अहमद,वकील अहमद,अबरार सलमानी,आरिफ खान, फाईम खान, हसीन,मोहम्मद कमर,मोहम्मद फैसल और मोहम्मद आसिफ को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।जिला कार्यकारिणी घोषित होने पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन काण्डपाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भाजपा प्रदेश मंत्री अजीज खान, भाजपा नेता संजय बिष्ट,भाजपा नेत्री आशा बिष्ट,पूर्व सभासद मोहम्मद,अनवर मलिक आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा करें विभाग ताकि निर्माण कार्यों में लागत न बढ़े : मुख्य सचिव

नैनीताल(संवाददाता)। डॉ. आर. एस. टोलिया प्रशासनिक अकादमी में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जाए ताकि लागत न बढ़े और जनसुविधाओं में सुधार हो। भूमि एवं समन्वय से जुड़े मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर कर कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने पर बल दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग मासिक लक्ष्य निर्धारित कर नियमित कार्य करें। लंबित टेंडर और अनुमोदनों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन, पेयजल योजनाओं, सीवरेज कार्यों और सिंचाई विभाग की 3678 करोड़ रुपये की जमरानी बांध परियोजना सहित प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। बलियानाला भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के उपचारात्मक कार्य, बस टर्मिनल निर्माण, मानसिक चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज परियोजनाओं में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले में अभिनव प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा वारिसान नामांतरण अभियान में 21452 लाभार्थियों को फायदा मिला है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के सभी आवेदन समय पर निस्तारित किए गए। सेवा का अधिकार के अंतर्गत हजारों आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया गया। जन-जन की सरकार कार्यक्रम के तहत 50 स्थानों पर शिविर आयोजित कर 10746 लोगों को लाभ पहुंचाया गया। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा सीजन में पर्यटकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए मजबूत प्रबंधन, पर्याप्त पार्किंग और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण, राजस्व वसूली, नशामुक्त अभियान और नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार पर भी जोर दिया। बैठक में आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया

रामनगर (संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर कोतवाल सुशील कुमार ने नेतृत्व में रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया।यह अभियान कोसी बैराज,रानीखेत रोड और घास मंडी के समीप चलाया गया। अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन दर्जन वाहनों का चलान और आठ बाइके सीज की गई है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर बाइकों में पटाखा फोड़ना,बिना लाइसेंस और बिना हेलमेट सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान पुलिस टीम में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक बिष्ट,वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद, पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट,मालधन पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र कुमार, एसआई तारा सिंह राणा, एसआई सोमेंद्र सिंह, एसआई राजकुमारी, एसआई जोगा सिंह,कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल संजय सिंह, कांस्टेबल महबूब आलम आदि शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से शिष्टाचार भेंट की भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत ने

रामनगर (संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत ने देहरादून में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से शिष्टाचार भेंट की और रामनगर को श्रीरामनगर करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।इंदर सिंह रावत ने दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री को बताया कि रामनगर एक नगर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां स्थित वह पावन स्थल है, जहां जनश्रुति के अनुसार माता सीता ने अपने वनवास का समय व्यतीत किया था। यह स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।इसी प्रकार रामनगर में स्थित एक भव्य धार्मिक स्थल है, जहां भगवान हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होते हैं और देशभर से श्रद्धालु यहां आते हैं।साथ ही कोसी नदी के मध्य स्थित एक दिव्य शक्ति पीठ के रूप में प्रतिष्ठित है, जो देवी स्वरूप की प्रत्यक्ष अनुभूति कराता है और प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में प्रसिद्ध है।रामनगर की इस समृद्ध धार्मिक परंपरा, ऐतिहासिक महत्व एवं आध्यात्मिक पहचान को देखते हुए नगर का नाम ष्श्रीरामनगरष् किए जाने की मांग की है।जिससे इसकी धार्मिक गरिमा और अधिक सुदृढ एवं प्रतिष्ठित हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय में सकारात्मक निर्णय लिए जाने की अपील करते हुए रामनगर को श्री रामनगर करने की मांग की है।इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।



## भाजपा की विशेष गहन पुनरीक्षण जिला कार्यशाला आयोजित

अल्मोड़ा (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के पातालदेवी स्थित कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण की जिला कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारियों में जिला प्रभारी राजेंद्र बिष्ट, जिला अध्यक्ष महेश नयाल, विशेष गहन पुनरीक्षण के जिला संयोजक दर्शन रावत तथा पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रकाश भट्ट ने किया। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण संगठन की मजबूती और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि यह प्रक्रिया देशहित में आवश्यक है और इससे संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होता है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से पूर्ण निष्ठा और अनुशासन के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की। जिला संयोजक दर्शन रावत ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। कार्यशाला में त्रिलोक रावत, नीमा आर्या, पूनम पालीवाल, किरन पंत, लता बोहरा, गोविंद पिलखवाल, रवि रौतेला सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा संदीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र बिष्ट, मनोज जोशी, संजय डालाकोटी, मनीष जोशी, विनीत बिष्ट, गोविंद मटेला, कैलाश गुरुरानी, हरीश कनवाल, राजा अली, राजा खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी और नगर निकाय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में विधानसभा स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर इस अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाया जाएगा।

## अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया

रामनगर (संवाददाता)। नगर पालिका प्रशासन ने हल्द्वानी रोड व ट्रांसपोर्ट नगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 15 अतिक्रमण को हटाया गया। बुधवार को ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि कई समय से ट्रांसपोर्ट नगर व हल्द्वानी रोड पर अतिक्रमण गया गया था। इससे आवाजाही में दिक्कतें हो रही थी। उन्होंने बताया कि 15 अतिक्रमणकारियों को जेसीबी से हटा दिया गया है। कुछ लोगों का सामान भी जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



## ईद उल फितर की नमाज सुबह आठ बजे अता की जाएगी

रामनगर (संवाददाता)। ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह साढ़े आठ बजे और बड़ी मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज सुबह आठ बजे होंगी।शहर इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने बताया कि ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह साढ़े आठ बजे होंगी। बड़ी मस्जिद के इमाम मुफ्ती अकील अहमद ने बताया कि बड़ी मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज सुबह आठ बजे अता की जाएगी। उलेमाओं ने सभी लोगों से ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि त्योहार को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।उन्होंने कहा कि सभी लोग त्यौहार मिल जुलकर मनाए।नियमों का पालन करें और हुड़दंग न मचाएं।कहा कि हुडदंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।एसडीएम ने बताया कि रामनगर में त्योहारों को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।सभी लोग त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाए।नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेड यूनियन के सदस्यों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

रुद्रपुर (संवाददाता)। ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंटर के सदस्यों ने बुध वार को एसडीएम खटीमा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 25 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। एसडीएम के पेशकार को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारी राज्य बीमा निगम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कवरेज सीलिंग को बढ़ाकर 35 हजार और 30 हजार किए जाने की मांग की। इसके अलावा आशा, आंगनबाड़ी, मिड डे मील वर्कर्स का मानदेय राज्य के न्यूनतम वेतन लेवल तक बढ़ाया जाए। इनको ईएसआईसी और ईपीएफओ की सुविधा दी जाए। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, प्रसूति, विवाह, मृत्यु डीबीटी दी जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रकाश भट्ट, अवतार सिंह, परवीन राणा, गीता, अर्जुन धौनी, लखमीर सिंह, नईम अहमद, शबीना बी, नवीन अहमद, याकूब, शकुंतला, हंसा देवी, हेमा देवी, हरुली देवी, रेखा देवी आदि रहे।

# सिरौलीकलां में ओबीसी आरक्षण पर आयोग ने की जनसुनवाई

रुद्रपुर (संवाददाता)। एकल सदस्यीय समर्पित आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बीएस वर्मा (सेवानिवृत्त) ने सिरौलीकलां में ओबीसी आरक्षण को लेकर जनसुनवाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों के विचार, सुझाव और आपत्तियां सुनी गईं। कार्यक्रम में शहरी विकास विभाग के अपर निदेशक विनोद कुमार सुमन भी मौजूद रहे। बुधवार को नगरपालिका कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में न्यायमूर्ति वर्मा ने बताया कि यह प्रक्रिया शहरी स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन का महत्वपूर्ण चरण है। समर्पित आयोग ओबीसी समुदाय के सामाजिक और राजनीतिक पिछड़ेपन का समकालीन अध्ययन कर आरक्षण की सीमा तय करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरक्षण की कुल सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती। राज्य सरकार द्वारा गठित यह आयोग आंकड़ों के संकलन, विश्लेषण और परीक्षण के बाद अपनी सिफारिशें देगा। इन्हीं के आधार पर भविष्य में होने वाले निकाय चुनावों में आरक्षण तय किया जाएगा। जनसुनवाई में स्थानीय नागरिकों को अपने सुझाव और आपत्तियां रखने का अवसर दिया गया। पूर्व प्रधान नासिर हुसैन ने बताया कि सिरौली में लगभग 90 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग की है। इस पर आयोग अध्यक्ष ने पुनः आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत होने की बात दोहराई। जनसुनवाई के दौरान कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, तहसीलदार गिरिश चंद त्रिपाठी, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, ताहिर मलिक सहित कई जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।



### सोमेश्वर में बहुउद्देशीय शिविर में अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण

अल्मोड़ा (संवाददाता)। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सोमेश्वर के रामलीला मैदान में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने प्रतिभाग कर आमजन की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है और इस प्रकार के शिविर इसमें प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 111 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## महामना मालवीय चौक निर्माण की उठी मांग

रुद्रपुर (संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के प्रतिनिधिमंडल ने मेयर विकास शर्मा से भेंट कर एक औपचारिक ज्ञापन सौंपते हुए पंडित मदन मोहन मालवीय के नाम पर भव्य चौक निर्माण की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। ज्ञापन में संस्था ने अपने गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 1954 से सभा समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। संस्था वर्तमान में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री हरि मंदिर, श्री रामबाग श्मशान घाट सहित कई शैक्षणिक संस्थानों का संचालन कर रही है, जो नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई कि इतने व्यापक योगदान के बावजूद नगर में अब तक सनातन धर्म सभा या उसके संस्थापक के नाम पर किसी चौक या स्थल का नामकरण नहीं किया गया है। उन्होंने पूर्व में गुड़ मंडी चौक पर मालवीय जी की प्रतिमा स्थापित करने और नामकरण के दिए गए आश्वासन को भी याद दिलाया, जो अब तक पूरा नहीं हो सका है।मेयर ने प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों को धार्मिक पहचान देने की दिशा में काम किया जा रहा है और निकट भविष्य में इनका स्वरूप बदला हुआ नजर आएगा।

हिन्दी दैनिक जोखिम

## गलत सलाह के कारण गंवाया इम्तियाज अली का प्रोजेक्ट, डोनल बिष्ट ने सुनाई आपबीती

फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में काम करना जितना ग्लैमरस दिखता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी होता है। कई बार कलाकारों को लोगों की सलाह पर भरोसा करना महंगा पड़ जाता है। ऐसा ही एक अनुभव अभिनेत्री डोनल बिष्ट ने साझा किया, जिन्होंने बताया कि कैसे गलत मार्गदर्शन की वजह से वह मशहूर निर्देशक इम्तियाज अली के एक बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सकीं। डोनल बिष्ट ने बताया कि उन्हें इम्तियाज अली के एक प्रोजेक्ट के लिए फाइनल शॉर्टलिस्ट किया गया था। वह इस प्रोजेक्ट के आखिरी राउंड तक पहुंच चुकी थीं और निर्देशक और उनकी टीम के साथ उनकी मीटिंग भी हो चुकी थी। यह उनके करियर का एक बड़ा मौका था, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित थीं और उन्हें पूरा भरोसा था कि वह इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकती हैं। अभिनेत्री ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस मीटिंग के बारे में पता चला, उन्होंने यह खुशखबरी अपने करीबियों के साथ साझा की। इस मौके को लेकर वह बेहद खुश थीं और उन्होंने इसे अपने करियर का टर्निंग पॉइंट मान लिया था। लेकिन यहीं से उनके लिए मुश्किलें शुरू हो गईं, क्योंकि उनके आसपास के लोगों ने उन्हें अलग-अलग तरह की सलाह देना शुरू कर दिया।

डोनल ने कहा, लोगों ने बताया कि मीटिंग में कैसे बात करनी चाहिए, किन बातों को कहना है और किन चीजों से बचना है। मुझे यह भी भरोसा दिलाया गया कि अगर मैं इन सलाहों का मानती हूं, तो यह प्रोजेक्ट निश्चित रूप से मिल जाएगा। शुरुआत में मुझे लगा कि यह सब मेरे भले के लिए कहा जा रहा है, लेकिन बाद में यही सलाह मेरे लिए नुकसानदायक साबित हुई।उन्होंने बताया, जब मैं मीटिंग में पहुंची, तो इन सभी बातों का असर मेरे व्यवहार में साफ नजर आया। मैं आत्मविश्वास के साथ अपनी बात नहीं रख पाई और कई जगह हिचकिचाती हुई दिखी। मेरे जवाबों में स्पष्टता की कमी थी, जिससे निर्देशक इम्तियाज अली और उनकी टीम को लगा कि मैं खुद ही अपने विचारों को लेकर असमंजस में हूं।डोनल ने कहा, स्थिति इतनी उलझ गई कि टीम को मेरी हालत को लेकर चिंता होने लगी। बाद में मुझे कास्टिंग टीम और इंडस्ट्री के कुछ लोगों का फोन आया, जिन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं ठीक हूं, क्या मैं किसी मानसिक तनाव में हूं या कोई मुझे गलत दिशा में गाइड कर रहा है। यह मेरे लिए काफी चौंकाने वाला था, क्योंकि मैंने खुद ऐसा कुछ महसूस नहीं किया था।इस पूरे अनुभव पर बात करते हुए डोनल ने कहा कि उस समय मैं लोगों की नीयत को समझ नहीं पाई। मुझे लगा कि सभी मेरी मदद करना चाहते हैं, लेकिन समय के साथ मुझे एहसास हुआ कि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो आपको आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते।

उन्होंने कहा, ऐसे लोग आपके आसपास रहते हैं, आपका फायदा उठाते हैं और जब उनका काम पूरा हो जाता है, तो आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं। यह अनुभव मेरे लिए एक जरूरी सबक साबित हुआ। इस घटना ने मुझे सिखाया कि करियर और जिंदगी से जुड़े फैसले खुद ही लेने चाहिए। खासकर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में, जहां हर निर्णय बहुत महत्वपूर्ण होता है, वहां अपने दिल और दिमाग पर भरोसा करना जरूरी है।

## जगद्धात्री में आग वाला सीन बिल्कुल भी आसान नहीं था, सोनाक्षी बत्रा ने बताया शूटिंग का अनुभव

टीवी की दुनिया में इन दिनों दर्शकों को बांधे रखने के लिए मेकर्स लगातार नई-नई कहानी और रोमांचक सीन लेकर आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ टीवी शो जगद्धात्री में देखने को मिला, जहां होली के खास मौके पर एक बेहद खतरनाक और भावनात्मक सीन फिल्माया गया। इस सीन ने न सिर्फ कहानी को नया मोड़ दिया, बल्कि कलाकारों के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती साबित हुआ। इस शो में मुख्य भूमिका निभा रहीं सोनाक्षी बत्रा ने इस खतरनाक सीन की शूटिंग का अनुभव साझा किया। कहानी के मुताबिक, होली के जश्न के दौरान तपस्या, जिसका किरदार येशा हरसोरा निभा रही हैं, अपनी साजिश को अंजाम देती है। उसकी इस चाल का असर माया की बेटी गुंजन पर पड़ता है, इस रोल में परी भानुशाली हैं। अचानक माहौल में अफरा-तफरी मच जाती है और गुंजन आग की लपटों में फंस जाती है। गुंजन को बचाने के लिए जगद्धात्री और शिवाय, जिसका किरदार फरमान हैदर निभा रहे हैं, आगे आते हैं। सीन का सबसे रोमांचक पल तब आता है जब जगद्धात्री हिम्मत दिखाते हुए आग में कूद जाती है और गुंजन को बाहर निकाल लेती है। यह पूरा सीन दर्शकों को स्क्रीन से बांधे रखता है।इस सीन की शूटिंग को लेकर सोनाक्षी बत्रा ने बताया कि उनके लिए यह अनुभव काफी चुनौतीपूर्ण लेकिन यादगार रहा। उन्होंने कहा,जगद्धात्री का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास सफर रहा है और समय के साथ मुझे एक्शन सीन करना पसंद आने लगा है। आग वाला सीन बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि इसमें ज्यादा सावधानी और सटीकता की जरूरत होती है। हर कदम सोच-समझकर उठाना पड़ता है, ताकि किसी भी तरह का खतरा न हो।सोनाक्षी ने खासतौर पर अपनी को-स्टार परी भानुशाली की तारीफ की। उन्होंने कहा, इतनी छोटी उम्र में भी परी बहुत समझदार हैं और सेट पर दिए गए हर निर्देश को ध्यान से सुनती हैं। यही वजह है कि उनके साथ शूटिंग करना आसान हो जाता है। आग जैसे खतरनाक सीन के दौरान भी परी ने पूरी सतर्कता के साथ काम किया, जिससे पूरी टीम को काफी मदद मिली।



## कार्तिक आर्यन बनेंगे किकबॉक्सिंग के कोच, बायोपिक के लिए कबीर खान से मिलाया हाथ

कार्तिक आर्यन और निर्माता कबीर खान ने फिल्म चंदू चौंपियन (2024) के लिए पहला सहयोग किया था। इस स्पोर्ट्स-ड्रामा ने चर्चाएं तो खूब बटोरी थीं, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में नाकामयाब रही। यही कारण है कि कार्तिक और कबीर पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं, और एक नई फिल्म के लिए दोबारा साथ आ रहे हैं। खबर है कि यह आगामी फिल्म खेल-ड्रामा से प्रेरित होगी जिसमें कार्तिक एक कोच की भूमिका में नजर आ सकते हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता कबीर ने 16 मार्च को परेल के एक रेस्टोरेंट में अपनी अनाम खेल-ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। पहले ही दिन लगभग 70 जूनियर कलाकारों के साथ शूटिंग शेड्यूल पूरा किया गया। बताया जाता है कि फिल्म कश्मीरी किकबॉक्सिंग प्रतिभा तजामुल इस्लाम से प्रेरित होगी। इसमें किकबॉक्सिंग स्टार का किरदार निभाने वाले अभिनेता की पहचान को फिलहाल गुप्त रखा गया है, लेकिन खबरों की मानें तो कार्तिक फिल्म में उनके कोच की भूमिका निभाएंगे।परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने बताया, शुरुआती दृश्यों में कहानी को रोजमर्रा की जिंदगी के छोटे-छोटे पहलुओं से जोड़ा गया है। कार्तिक हफ्ते के आखिर तक शूटिंग में शामिल हो जाएंगे। वह इस भूमिका के लिए किकबॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि मुंबई में करीब 2 हफ्ते शूटिंग करने के बाद निर्माता कश्मीर रवाना होंगे, क्योंकि ताजामुल इस्लाम वहीं से हैं। वह भारत की सबसे कम उम्र में 2 बार की विश्व किकबॉक्सिंग चौंपियन हैं।

### फिल्म एक दिन का ट्रेलर हुआ रिलीज, नजर आई साई पल्लवी और जुनैद खान की रोमांटिक लव स्टोरी

जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म श्एक दिन्न का रोमांटिक ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। आमिर खान प्रोडक्शन की इस फिल्म का टाइटल ट्रैक हाल ही में रिलीज किया गया था। आज एक दिन का ट्रेलर रिलीज कर निर्माताओं ने फैंस को खुश कर दिया है।आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म एक दिन का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। एक दिन के ट्रेलर को आमिर खान प्रोडक्शन ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने पोस्ट में लिखा, कभी-कभी एक दिन भी काफी होता है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म एक दिन के ट्रेलर की शुरुआत एक फॉर्च्यून बेल यानी किस्मत की घंटी के सीन से होती है, जिसे बजाकर सभी प्रेमी जोड़े अपनी किस्मत आजमाते हैं, ताकि उन्हें अपना सच्चा प्यार मिल जाए। इस ट्रेलर के सीन में जुनैद भी एक विश मांगते हैं।

# सलमान खान की मातृभूमि का गाना तुम चांद देख लेना का टीजर हुआ रिलीज, साथ नजर आई चित्रांगदा

सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम बैटल ऑफ गलवां रखा गया था। आज फिल्म का एक रोमांटिक गाना तुम चांद देख लेना का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं।सलमान खान की आगामी फिल्म श्मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस्न का नया गाना चांद देख लेना तुम्हें हम नजर आएंगे... की झलक आज जारी कर दी गई है। इस गाने में सलमान और चित्रांगदा का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।सलमान खान की फिल्म मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस कथित तौर पर 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के आसपास रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 17 अप्रैल 2026 को आने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है। श्मातृभूमि्न का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। इस फिल्म का निर्माण सलमान खान कर रहे हैं। इस फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 2020 के दौरान गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# भारतीय रेल ने उत्तराखंड में वर्ष 2023-24 से 2025-26 (फरवरी 2026 तक) 18 नई रेल सेवाएं शुरू की

**- रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत और सांसद अजय भट्ट के सवाल उत्तराखंड के लिए रेल परियोजनाएं तत्संबंधी ब्यौरे पर दिया जवाब**

**- वैष्णव ने कहा कि उत्तराखंड में अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है**

**- उत्तराखंड में पूर्णतः या आंशिक रूप से पड़ने वाली 40,384 करोड़ रुपये की लागत की कुल 216 किलोमीटर लंबाई की 3 नई रेल लाइनों को स्वीकृति दी गई है**

देहरादून(संवाददाता)। बुधवार को लोकसभा में रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत और सांसद अजय भट्ट के सवाल उत्तराखंड के लिए रेल परियोजनाएं तत्संबंधी ब्यौरे पर जवाब दिया। रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया कि उत्तराखंड में अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां 2009-14 के दौरान औसतन 187 करोड़ रुपये प्रति वर्ष खर्च किए जाते थे, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर लगभग 4,641 करोड़ रुपये हो गया है, जो लगभग 25 गुना वृद्धि को दर्शाता है। 01 अप्रैल 2025 की स्थिति के अनुसार, उत्तराखंड में पूर्णतः या आंशिक रूप से पड़ने वाली 40,384 करोड़ रुपये की लागत की कुल 216 किलोमीटर लंबाई की 3 नई रेल लाइनों को स्वीकृति दी गई है। इनमें से 16 किलोमीटर रेल लाइन चालू की जा चुकी है और मार्च 2025 तक 19,898 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। देवबंद-रुड़की नई रेल लाइन (27 किमी) का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे दिल्ली और देहरादून के बीच की दूरी लगभग 40 किलोमीटर कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग नई रेल लाइन (125 किमी) एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जो देहरादून, टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों से होकर गुजरती है और देवप्रयाग तथा कर्णप्रयाग जैसे धार्मिक स्थलों को ऋषिकेश और राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ेगी। इस परियोजना में मुख्य रूप से सुरंगों का निर्माण शामिल है, जिनमें 104 किलोमीटर लंबी 16 मुख्य सुरंगें और लगभग 98 किलोमीटर लंबी 12 बचाव सुरंगें प्रस्तावित हैं। अब तक 99 किलोमीटर मुख्य सुरंगों और 94 किलोमीटर बचाव सुरंगों का निर्माण पूरा हो चुका है। परियोजना को गति देने के लिए 8 प्रवेश मार्ग (कुल 5 किमी) बनाए गए हैं, जो पूरे हो चुके हैं। इसके अलावा 19 बड़े पुलों में से 8 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और शेष पर कार्य प्रगति पर है। विभिन्न खंडों में सुरंग खुदाई और लाइनिंग का कार्य अधिकांशतः पूर्ण या अंतिम चरण में है। पिछले तीन वर्षों, अर्थात 2022-23 से 2025-26 तक, उत्तराखंड में कुल 441 किलोमीटर लंबाई के 7 सर्वेक्षण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें 3 नई लाइनें और 4 दोहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने यह भी बताया कि समपारों के स्थान पर ऊपरी और निचले सड़क पुलों का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है, जिसे सुरक्षा, यातायात और व्यवहार्यता के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है। वर्ष 2004-14 के दौरान 4,148 पुलों का निर्माण किया गया था, जबकि 2014-26 (जनवरी 2026 तक) के दौरान यह संख्या बढ़कर 14,024 हो गई है, जिनमें उत्तराखंड के 106 पुल भी शामिल हैं। 01 फरवरी 2026 तक भारतीय रेल में कुल 4,802 ऐसे पुल 1,14,196 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें उत्तराखंड में 158 करोड़ रुपये की लागत से 9 पुल शामिल हैं, जो विभिन्न चरणों में हैं।

रेल मंत्रालय द्वारा "अमृत भारत स्टेशन योजना" के अंतर्गत देशभर में 1,338 स्टेशनों के विकास की योजना बनाई गई है, जिनमें उत्तराखंड के 11 स्टेशन शामिल हैं, जैसे देहरादून, हरिद्वार, हर्रावाला, काशीपुर, काठगोदाम, किच्छा, कोटद्वार, लालकुआं, रामनगर, रुड़की और टनकपुर। इस योजना के तहत स्टेशनों के बुनियादी ढांचे में सुधार, बेहतर प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट-एस्केलेटर, पार्किंग, दिव्यांगजन सुविधाएं, यात्री सूचना प्रणाली और 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी पहलें शामिल हैं। कई स्टेशनों पर कार्य तेजी से चल रहा है और कुछ स्थानों पर महत्वपूर्ण कार्य पूरे भी हो चुके हैं। स्टेशन विकास के लिए उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष में कुल 6,895 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 6,172 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड के यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय रेल ने वर्ष 2023-24 से 2025-26 (फरवरी 2026 तक) के बीच 18 नई रेल सेवाएं शुरू की हैं। इनमें लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस, दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस और हरिद्वार-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस जैसी प्रमुख गाड़ियां शामिल हैं। रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत मार्ग की क्षमता, उपलब्धता, चल स्टॉक और अन्य परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर की जाती है। समग्र रूप से, उत्तराखंड में रेलवे के विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है, जिसमें नई रेल लाइनें, सुरंग निर्माण, पुल निर्माण, स्टेशन आधुनिकीकरण और नई ट्रेन सेवाएं शामिल हैं, जिससे राज्य के विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क प्रदान किया जा सके।

**संक्षिप्त समाचार...**

## बीएसएफ 60 वर्ष पूरे होने पर 19 अप्रैल को दून में होगी मैराथन

देहरादून(संवाददाता)।सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर आगामी 19 अप्रैल को दून में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। दौड़ बीएसएफ साहसिक प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई) डोईवाला की ओर से रायपुर स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कराई जाएगी। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में होगी। पहली श्रेणी 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन है। जिसमें 19 से 50 वर्ष (ओपन) और 50 वर्ष से अधिक (मास्टर्स) आयु वर्ग के महिला व पुरुष धावक हिस्सा लेंगे। वहीं, दूसरी श्रेणी 10 किलोमीटर दौड़ की है। जिसमें 14 से 18 वर्ष के किशोर-किशोरियों के अलावा ओपन व मास्टर्स श्रेणी के प्रतिभागी भी शामिल हो सकेंगे। सामान्य प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण शुल्क 300 रुपये रखा गया है। वहीं 14 से 18 वर्ष के बालक-बालिकाओं और सुरक्षा बलों के कर्मियों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा।

## परेड ग्राउंड में धरना दे रहे पीआरडी जवानों को पुलिस ने जबरन हटाया

देहरादून(संवाददाता)।प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन उत्तराखंड के बैनर तले प्रदेशभर के पीआरडी जवानों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदेश संयोजक प्रमोद मंद्रवाल एवं प्रदेश संयोजक सचिव संजय पवार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जवान परेड ग्राउंड के समीप एकत्रित हुए और धरने पर बैठने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर जबरन वहां से हटाते हुए सहस्त्रधारा रोड स्थित धरना स्थल एकता विहार पहुंचा दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पीआरडी जवानों को वर्षभर यानी 365 दिन का नियमित रोजगार दिया जाए, साथ ही होमगार्ड की तर्ज पर मूल वेतन के साथ डीए लागू किया जाए तथा "समान कार्य के लिए समान वेतन" सुनिश्चित किया जाए। परेड ग्राउंड में धरना प्रदर्शन के लिए पहुंचे पीआरडी जवानों की धरने को लेकर पुलिस के साथ तीखी नोंक झौंक हुई। लेकिन पुलिस ने बिना अनुमति का हवाला देते हुए जवानों को मौके से हटाया और उन्हें हिरासत में लेकर जबरन वाहनों में बैठाकर धरना स्थल एकता विहार छोड़ दिया।

## दिवारीखौल जोखणी मोटर मार्ग की वित्तीय स्वीकृति के लिये क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में चिन्यालीसौड़ के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भेंट कर बणगांव चोपड़ा कसलाना मोटर मार्ग एवं दिवारीखौल जोखणी मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री



का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास हमारा उद्देश्य है, उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र के गांवों तक सड़क सुविधाओं के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाने की भी अपेक्षा की। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष चौन सिंह महर, विजय बडोनी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेन्द्र कोहली, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रधान संघठन उत्तरकाशी जगबीर रावत, कृषक कृषि उद्यमी उत्तरकाशी के जिला अध्यक्ष बलबीर रावत, पूर्व संघठन मंत्री एबीवीपी प्रहलाद राणा, पूर्व सैनिक राज्य आंदोलनकारी संघठन अध्यक्ष महाबीर सिंह चौहान, कुलबीर सिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा नितेश रावत, विपिन बिष्ट, कुलदीप रावत, मंजीत राणा आदि मौजूद रहे।

## मॉक ड्रिल: चार घायल, आठ लोग गंगा में बहे

ऋषिकेश(संवाददाता)। चारधाम ट्रांजिट कैंप में बम की अफवाह से भगदड़ मच गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। तत्काल मौके पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने पुलिस और अन्य राहत-बचाव एजेंसियों के माध्यम से घायलों को प्राथमिक उपचार देकर सरकारी अस्पताल भिजवाया। ट्रांजिट केंद्र की बिल्डिंग को खाली कराने के बाद बम डिस्पोजल स्क्वॉयड ने जांच की, जिसमें कोई बम नहीं मिला। यह सब बुधवार को मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए किया गया। वहीं, भारी बारिश से गंगा भी जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इसमें मौजूदा जलस्तर से करीब 12 फीट पानी ऊपर होने की सूचना मिली। फौरन सुरक्षा एजेंसियों ने त्रिवेणीघाट और आसपास के गंगाघाटों को खाली कराया।विद्युत आपूर्ति को भी सुरक्षा के मद्देनजर बाधित कर दिया। इसी बीच यह भी सूचना मिली कि पहाड़ से चार बच्चे और दो साधु गंगा में बह गए हैं।

## तिकोनिया भूमि पर कब्जा लेने पहुंची टीम का विरोध

ऋषिकेश(संवाददाता)। वीरपुर खुर्द के नजदीक तिकोनिया भूमि पर प्रशासनिक टीम के साथ कब्जा लेने पहुंचे पशुपालन विभाग के अधिकारियों को विरोध का सामना करना पड़ा। एसडीएम के आदेश पर कार्रवाई शुरू होने से पहले ही मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। पशुपालन विभाग जहां इस भूमि को खुद की बताते हुए कब्जे की मांग करता दिखा, तो पौराणिक वीरभद्र महादेव मंदिर समिति ने भी दावा किया।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com